प्रेत शास्त्र

भौतिक क्षेत्र

अभी मैं... ? ... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] जब से मैं कार्य क्षेत्र पर रहा हूं, यह पहली बार है जब मैंने अपनी किसी सभाओ में ऐसा किया है। यह एक नया समय है। भाई बैक्सटर चले गए है; और—और भाई बोसवर्थ भारत में, या, अफ्रीका है; और भाई बैक्सटर, मैं नहीं जानता कि वो कहाँ पर है। वह कहीं तो चले गए है, और बाकी सब बाहर है और चले गए हैं। और बिली और मैं यहाँ अकेले हैं, सो हमारे पास बस एक अच्छा समय है: बस उठते है, मारते है और खाते है। सो हम—हम ऐसा महसूस करते हैं कि हो सकता है हम प्रभु की सहायता से करे, हम इन सभाओं को स्वयं से आयोजित सकते हैं। यही एक कारण है, मैं इसे आगे बढ़ता हुआ देख कर थोड़ा प्रसन्न हूं, यही एक कारण है। मैं विश्वास करता हूं कि प्रभु इसे आयोजित करने में हमारी सहायता करेगा। [सभा "आमीन।"—सम्पा।] अब, आप जानते हैं कि वहां...

मैं अपने प्रबंधक वर्ग से प्रेम करता हूं। मेरे कुछ प्यारे भाई लोग है, बोसवर्थ, बेक्सटर, लिन्डसे, मूर, यह सारे, पांच है, बैरन वोन ब्लोमबर्ग। यह लोग बहुत अच्छे व्यक्ति है। परंतु इस विषय में एक बात है, जब आपके पास व्यक्तियों का समूह होता है, एक के पास कुछ होता है, दूसरे के पास कुछ और होता है। कभी-कभी जो मैं स्वयं सोचता हूं उससे भिन्न होता है। इसलिए मैं—मैं—मैं कुछ ऐसा अनुभव करता हूं कि अब मैं स्वतंत्र हूं। हमारे पास एक महान समय हो सकता है, अपनी-अपनी आस्तीने मोड़ कर, और अंदर छलांग लगाकर और खाए। मैं आपकी आस्तीनों को मुडवाने के विषय में सोचता हूं और एक—एक महान समय हो।

प्रकृति मेरी पहली बाईबल थी। मैंने प्रकृति के द्वारा परमेश्वर को सीखा। और मुझे मछली पकड़ना अच्छा लगता है। मुझे मछली का शिकार कितना अच्छा लगता है! और लड़कों क्या तुम मछली पकड़ना पसंद करते हो? यदि तुम मछली पकड़ना पसंद करते हो, और अपनी माता से प्रेम रखते हो, तो तुम एक अच्छे लड़के बनने जा रहे हो। और यहां तक कि मेरा मत परिवर्तन ने भी इसे मुझ में से नहीं निकाला। इसलिए एक दिन मैं पहाड़ों

पर, मछली पकड़ने गया हुआ था। अब, यह केवल इस छोटे लड़के के लाभ के लिए है। और मैं वहां पहाड़ों पर मछली पकड़ रहा था... और उन दूसरे बालकों के लिए भी जो यहां आस-पास बैठे है। और मैं ट्राऊट मछली पकड़ रहा था। और, ओह, यह बढ़िया वसंत ऋतु थी। मैं ऐसे ही जाता हूं, और वहां अगले गड्ढे में ट्राउट मछली थी, इस प्रकार से, आप जानते है। और प्रभु की प्रशंसा कर रहा था और एक अच्छा समय था, चिल्लाता। और अपनी डोर डालता। मैं चिल्लाने में विश्वास करता हूं। आमीन। मैं सही में चिल्लाता हूं। क्योंकि, मैं जानता हूं कि कोई चीज ने मुझे पकड़ कर रखती है, क्योंकि, और यह मेरे लिए कुछ तो करती है।

2 तो मैं उस सुबह थोड़ा बहुत चला गया था, और जब मैं वापस आया, तो सबसे अजीब बात: और वहां उस क्षेत्र में बहुत सारे भालू है, न्यू हेमस्फेयर में। वहां मैं छोटा सा डेरा लगा लेता हूं, मैं जहां मछली पकड़ता हूं। मैंने एक छोटा पुराना सा तंबू लगा रखा था, एक छोटे से गोल तंबू में रह रहा था। और वहां काले भालू सबसे नटखट चीज है। इस प्रकार से एक बड़ी मां भालू और बच्चों का एक जोड़ा वहां उसमें घुस गया, और मेरे तंबू में उथल-पुथल मचा दी!

3 अब, आप क्या सोचते हैं कि मुझे उस भालू के साथ क्या करना चाहिए, छोटी लड़की, वहां पीछे लाल बालों वाली? वास्तव में क्या मुझे उसके पीछे जाना चाहिए था, क्या मुझे जाना चाहिए?

4 परंतु देखिए उसने क्या किया। वह मां भालू अंदर आई, उसने मेरा तंबू फाड़ दिया और उसने हर एक वस्तु बिखेर दी, और जो कुछ मेरे पास वहां था वह सब खा गई, और वह तो बहुत अच्छा कर रही थी। इस प्रकार जब मैं वहां पहुंचा, तो वह चली गई। और उसने अपने-अपने छोटे बच्चे को आवाज लगाई, और एक छोटा बच्चा उसके साथ भाग गया। और दूसरा नहीं भागा; वह केवल वहीं बैठा रहा। इस प्रकार से, मेरी ओर पीठ करके और वह कुछ कर रहा था। और मेरे हाथ में उस छोटी पुरानी हाथ की कुल्हाड़ी को छोड़ और कुछ नहीं था। मैं आसपास के कुछ एल्डर वृक्ष छांट रहा था। वह इतनी दूर भाग गई होगी, जैसे मेरे अनुमान है, वहां बाहर वह टेलीफोन का खम्बा, और वह बैठ गई। उसने इस छोटे भालू को आवाज लगाई, और उसने उसका कोई ध्यान नहीं दिया। वह बस वहीं बैठा रहा।

5 मैंने सोचा, “यह छोटी चीज क्या कर रहा है?” मैं थोड़ा सा पास को गया। मैं अधिक समीप जाने से डरता था, इसलिए डरता था कि वह मेरे खरोचे मार देगी। इस तरह से—इस तरह से मैं—मैं कोई पेड़ भी नहीं देख सका, और मैं जानता हूं कि वह भी चढ़ सकती थी। इसलिए, मैं उसके अधिक समीप नहीं जाना चाहता था, क्योंकि मुझे भालू का स्वभाव मालूम है। इसलिए, मैं थोड़ा ही समीप गया। और आप जानते हैं कि क्या हुआ?

6 मुझे पैनकेक अच्छे लगते है। आप में से कितने पैनकेक पसंद करते हैं? ओह, लड़कों! ओह, मैं... पुराने लड़के, भी। मैं उनको हाथ उठाएं देखता हूं। हम सब पैनकेक पसंद करते है, और मैं उन्हें पसंद करता हूँ, और मैं उन पर शहद डालना पसंद करता हूं। बैपटिस्ट होने के नाते, आप जानते है, कि हमें कौन सी चीज ठीक–ठाक रखती है, आप जानते है, वह शहद है, आप जानते है। इसलिए, और सुनिए, मैं उस पर छिड़कता नहीं हूं, मैं वास्तव में उन्हें डुबाता हूं। मैं वास्तव में उस पर उडेलता हूं जिससे कि वह वास्तव में अच्छा और भारी हो जाए। मैं इधर उधर थोड़ा–थोड़ा नहीं लगाता। मैं वास्तव में उस पर उडेलता हूं, और उसे शहद से भर देता हूं।

7 और तब, आप जानते है, कि मेरे पास शहद की बाल्टी थी शहद की, आधा गेलन की बाल्टी। और भालू शहद को बहुत पसंद करते है। इसलिए यह छोटा बच्चा उस में लगा हुआ था और शहद की बाल्टी पर से ढक्कन हटा दिया था, और वह वहां इस प्रकार से बैठा हुआ था, *इस* प्रकार से बाल्टी को अपनी बगल में दबाए हुए था। उसने... और वह नहीं जानता था कि इसे कैसे खाए, जैसे आप करते है, आप देखिए वह इसलिए अपना छोटा पंजा उसमें डुबा देता और *इस* प्रकार से उसे चाटता, और उसे चाटता। मुझे देखने के लिए वह पीछे घूमा, और उसकी छोटी–छोटी आंखें आपस में उलझी हुई थी, और उसका छोटा सा पेट शहद से चिकना हो रहा था जितना हो सकता था। वह बस वहां बैठा हुआ, अपना हाथ नीचे डालता और *इस* प्रकार से शहद को चाटता, जितना वह चाट सकता चाटता।

8 ओह, मैं उन पुरानी पवित्र आत्मा वाली सभा के विषय में सोचने लगा, जब हम बाल्टी खोला करते और अपना हाथ जार में डालते और चाट लेते। आप जानते है, कि करते रहते, बस चाटते रहते।

9 और आप जानते है यदापि यह एक अजीब होती थी? वह छोटा भालू जितना वह खा सकता था, उसके खाने के पश्चात, उसने बाल्टी नीचे रखी

और वहां से भाग गया। आप जानते हैं क्या घटित हुआ? वह मां भालू और दूसरा छोटा भालू उसे शहद को साफ करने के लिए चाट रहे थे।

10 इसलिए, हो सकता है हमारी भी सभाएं कुछ इसी प्रकार चलेगी, मैं आशा करता हूं, हम दूसरों को बताते रह सकते है, और परमेश्वर की महिमा हम पर बरसती रहे। ठीक है।

11 मैं इन छोटे बालको को देखकर प्रसन्न हूं। मैं आप लोगों को कुछ ऐसा ही बताना चाहता हूं। और हो सकता है कल दोपहर पश्चात हमारे पास अधिक समय होगा, और—और हम थोड़ी अधिक बातचीत कर सकते है। और अब हम पिता और माता से किसी विषय पर बातचीत करेंगे।

12 हम *प्रेतशास्त्र* के विषय में बात करने जा रहे है। भजन संहिता 103:1 से 3 में, हम इन पदों को पढ़ते है। अधिकतर सेवकगण क्रेरेजीमेन, या बाईबल, पढ़ने वालो को यह वैसे ही याद है।

> *हे मेरे मन, यहोवा को धन्य कह: और जो कुछ मुझ में है, वह उसके पवित्र नाम को धन्य कहे।*
>
> *हे मेरे मन यहोवा को धन्य कह, और उसके किसी उपकार को ना भूलना:*
>
> *वही तो तेरे सब* अधर्म *को क्षमा करता; और तेरे सब रोगों को चंगा करता;*

13 मैं आपका ध्यान यहां दिलाना चाहता हूं, वह “सब” था। “जो तेरे सब अधर्मों को क्षमा करता है, जो तेरे सब रोगो को चंगा करता है।” अब क्या हम अपने सिरों को थोड़ी देर के लिए झुका सकते है।

14 अब, स्वर्गीय पिता, हम यहां होने के लिए तेरा इस दोपहर में धन्यवाद करते है। हम तेरा इन छोटे बालकों के लिए धन्यवाद करते हैं जो यहां आस-पास बैठे है, यह आने वाले कल के पुरुष और स्त्रियां है यदि कोई आने वाला कल है, यदि यीशु देर करता है। और अब, पिता, हम प्रार्थना करते है कि—कि अब आप हमें आशीषित करें जैसा कि हम आपके वचन पर बातचीत करते है, और हमारे उस शत्रु के विषय में, शैतान के। परमेश्वर, हम प्रार्थना करते है, कि आप हमें परमेश्वर की सामर्थ यांत्रिकी ईकाई बनाकर आगे सामने रखेंगे, जो उसकी भूमि में आज रात्रि प्रत्येक इंच पर उसके आपने सामने खड़े होंगे, प्रभु, और उसे दिखा दे कि उसका कोई

नैतिक अधिकार नहीं है, कि मसीह ने उसे कलवरी पर हमारे बदले में हरा दिया है, जब वह मरा, और उसने प्रधान अधिकारियों को नष्ट कर दिया और शैतान की उस प्रत्येक—प्रत्येक सामर्थ को जो उसके पास थी छीन लिया। और, परमेश्वर, अब हमें बुद्धि और समझ दे, कि जाने और लोगों के सामने व्याख्या करें कि कैसे वे जान सकते हैं कि कैसे चंगे हो और शैतान को हराये। यीशु के नाम में हम प्रार्थना करते है। आमीन।

15 अब हम कुछ मिनटों के लिए *प्रेतविद्या* पर बोलने जा रहे है। आप प्रेतों के विषय में बहुत कुछ सुनते है। अब, कल दोपहर बाद संभव है हम इसे समाप्त कर पाये। इस पर प्रचार करने के लिए जो भी है मैं दो दिन चाहता था... या इस पर बात करने के लिए दोपहर बाद की दो सभाये।

16 अब, पहली चीज प्रेत क्या होता है। आपने बहुत से लोगों को प्रेत के विषय में बातचीत करते सुनते है। अच्छा, अब ठीक है, "प्रेत, शैतान," यह सब एक शब्द से आया है और अंग्रेजी में यह "यात्ना देने वाला" कहलाता है। वह जो यात्ना देता है शैतान है, एक दुष्ट। वह कहता है... अब, आज बाईबल बहुत से लोगों के लिए, वह एक पुरानी पुस्तक है जो दादा और दादी पढती है, या ऐसे ही कुछ। "इससे अधिक नहीं कि इसे पुराने लोग पढ़ते हैं, और आदि–आदि।" परंतु यह गलत है। यह प्रत्येक के लिए है। और प्रेत यात्नाये देने वाले हैं जो हमें यात्ना देते है।

17 अब, यह प्रेत होते है जो मनुष्य के प्राण में आते है, और यह, शैली ज्ञान में है, जो कि—जो कि होता है... मैं यह कहूंगा, यधपि वह प्रेतात्मा जो प्राण में आती है वह कुछ ऐसा है, जो प्राण को यात्ना देती है।

18 बहुत सी बार आप किसी व्यक्ति को देख सकते है जो पागलपने में हो सकता है। हो सकता है वो मतपरिवर्तित व्यक्ति हो पवित्र आत्मा से भरे हुए हो, और तब भी पूरी तरह से पागल हो। समझे? यह ठीक बात है। इसका प्राण से कोई लेना देना नहीं है। यह यात्ना देने वाला है, देखिए, कुछ ऐसा जो उन्हें यात्ना देता है।

19 अब पहले, हमें यह सारे रोग, मालूम करने पड़ेंगे यह सारे रोग, शैतान से आए है। परमेश्वर रोगों को बनाने वाला नहीं है। परमेश्वर की ओर से कोई रोग नहीं आता है। कभी–कभी परमेश्वर शैतान को अवसर देता है कि आपके ऊपर रोग को, एक कोड़े के समान लाए ताकि आपको परमेश्वर के भवन में वापस लाए, जब आपने आज्ञा का पालन नहीं किया होता है। परंतु

रोग, आरंभ से शैतान की ओर से आता है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक व्यक्ति यह विश्वास करेगा कि परमेश्वर हमारा स्वर्गीय पिता, ऐसी चीज का रचियता होगा बीमारी और मृत्यु जैसी चीज का? भाई, वह कभी भी नहीं था, ना कभी होगा। परमेश्वर मृत्यु की अनुमति देता है आज्ञा तोड़ने के कारण। परमेश्वर मृत्यु की अनुमति देता है। जैसा की एक लेखक ने कहा है, "मृत्यु कुल मिलाकर यह कर सकती है, परमेश्वर ने इसे घोड़ा गाड़ी में जोत दिया है और यह हमें परमेश्वर की उपस्थिति में खींच कर ले जाती है, एक विश्वासी को।" परंतु *मृत्यु* शब्द का अर्थ "अलगाव" है।

20 यीशु ने कहा, "वह जो मेरे वचन सुनता और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा उसके पास अनंत जीवन है।" और उसने कहा, "मैं पुनरुत्थान, जीवन हूं, वह जो मुझ पर विश्वास करता है यदि वह मर भी जाए तो भी वह जीवित रहेगा, और जो कोई भी जीवित रहता है और मुझ में विश्वास करता है कभी नहीं मरेगा।" और हम एक दूसरे की देहो को अपनी उस निर्दयी कब्र के अंदर बंद कर देते है। "परंतु वह कभी नहीं मरेगा।"

21 अब आप यदि ध्यान दें, जब उसने लाजर के विषय में कहा तो, उसने कहा, "लाजर सोता है।"

22 चेले हम जैसे मनुष्य थे, उन्होंने कहा, "ओह, यदि वह सोता है तो अच्छा करता है।" "उसका अर्थ विश्राम कर रहा है," उन्होंने यही सोचा।

23 परंतु वह आया और उनसे उनकी भाषा में बोला। उसने कहा, "'वह मर गया,' जो तुम विश्वास करते हो। परंतु," कहा, "मैं उसे जगाने, जगाने के लिए जाता हूं।" समझे? समझे? जब आप...

24 *मृत्यु* का अर्थ "अलगाव" है। अब, यदि आप में से एक को चाहिए आपके परिवार का कोई मर जाए, या वह कुछ भी है, यदि वह बदला हुआ है, नया जन्म पाया हुआ है, तो वे मृत नहीं है। वे मानवता की दृष्टिकोण से मृत है। परंतु वे केवल हमसे अलग हो गए हैं, परंतु वे परमेश्वर की उपस्थिति में है। वे मृत नहीं है, वे मर नहीं सकते, उनके लिए मरना संभव नहीं है। यीशु ने कहा, "वह जो मेरा वचन सुनता है और मेरे भेजने वाले की प्रतिती करता है और उसके पास अनंत जीवन है, और वह न्याय में नहीं आएगा, परंतु मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश कर चुका।" इसलिए वह मर नहीं सकता। कोई भी चीज जो अमरणहार, अनंत है, वह नष्ट नहीं हो सकती। वह अविनाश जीवन है। उसके पास यह है क्योंकि परमेश्वर ने यह उसे

दिया है। और योग्यतानुसार नहीं—नही; यह... यह बिना शर्त है। परमेश्वर उसे देता है।

25 परमेश्वर बुलाता है। कोई भी मनुष्य परमेश्वर के पास नहीं आ सकता जब तक परमेश्वर उसे ना बुलाए। यीशु ने कहा, "कोई मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता जब तक मेरा पिता ही उसे ना बुलाये, उसे खींचे।" यह ठीक बात है? इसलिए इस सब में परमेश्वर है। हो सकता है आने वाले कल दोपहर बाद हम इस पर थोड़ा और ध्यान करेंगे, क्योंकि मैं आपके लिए इस *रोग* की बात को लेना चाहता हूं, कि आप इसे समझ सकेंगे।

26 एक समय था जब हम अपने पर–दादा में अंकुरित हुए। आप यह जानते है। डॉक्टर यह जानते है। जी हां, आप भी जानते है, आप बाईबल पढ़ने वाले। आप जानते है जीवांश जीवन आपके पर–दादा में आरंभ होता है, कि जीवाणु बने, और अपने दादा में से होते हुए, तब अपने पिता में, फिर अपनी माता में और अब आप यहां है। यह ठीक बात है। पवित्र वचन भी यही शिक्षा देता है। यदि आप चाहें तो यहां पर आपके लिए वचन है। मैं विश्वास इसका करता हूं यह कहां गया कि लेवी ने दशमांश तब दिया, जब वह अब्राहम के अंदर था जो कि उसका पर–दादा था। यह ठीक बात है ना? इसलिए, देखिए, कि जीवांश वहां पीछे से था।

27 परंतु आप के प्राण पृथ्वी की रचना से पहले बने थे, जब परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया था; आत्मिक मनुष्य; ना कि *एक* मनुष्य अपने स्वरूप में, परंतु *मनुष्य* अपने स्वरूप में। समझे? और उसने उन्हें नर और नारी बनाया, इससे पहले उसके पास मनुष्य पृथ्वी की मिट्टी में होता। काश हमारे पास इस दोपहर बाद अवसर होता कि हम इसमें पीछे की ओर अध्ययन में जाते। देखिए कि किस प्रकार परमेश्वर ने... अब, यह पंक्तियों के बीच में है जब आप देखते है, तो यह ठीक पंक्ति में आता है। समझे? कैसे वहां परमेश्वर ने पीछे आरंभ में, उसने वहां क्या किया, और कैसे वह नीचे पृथ्वी पर आया और कैसे उसने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया; और तब परमेश्वर पीछे घुमा और मनुष्य के स्वरूप में बन गया, कि मनुष्य को छुड़ाये।

28 अब, जब परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया, तो वह आत्मा का मनुष्य था। तब वहां कोई मनुष्य भूमि जोतने के लिए नहीं था। तब उसने भूमि की मिट्टी से मनुष्य की रचना की। अब, यह कालक्रम वैज्ञानिक और

आदि–आदि, और यह लोग जो अनुसंधान करते हैं और पुरानी हड्डियां, आदि–आदि रखते है, और विकास क्रम में विश्वास करते है... मैं सही प्रकार के विकास क्रम में विश्वास करता हूं। मनुष्य स्वयं से विकसित हुआ है, परंतु सब एक कोशिका से नहीं। नहीं, श्रीमान, क्योंकि एक—एक चिड़िया जब से परमेश्वर ने उसे चिड़िया बनाया था वह चिड़िया है, एक बंदर बंदर ही था, एक मनुष्य, मनुष्य ही था। यह ठीक बात है।

29 अभी कुछ दिनों पहले मैं लुजविले में एक डॉक्टर से बातें कर रहा था। उसने कहा, "क्यों, रेवरंड ब्रन्हम!" मैं बात कर रहा था कि कैसे वे अफ्रीका निवासी, कैसे वे इतने निम्न होकर वह खाते है... कुछ ऐसी अजीब चीजें जो आपने कभी देखी भी ना होगी, वे कैसे खाते होंगे! ऐसी चीजे उठा लेते हैं जो कि दूषित होती है, उनमें कीड़े होते हैं उन्हें झटक देते हैं, उन कीड़े आदि को। उसे कोई अंतर नहीं पड़ता। समझे? उन्होंने कहा... कुछ भी पी लेते हैं, कोई अंतर नहीं पड़ता यह क्या है। उसने कहा, "परंतु, रेवरंड ब्रन्हम वे लोग मनुष्य नहीं है।"

मैंने कहा, "ओह, हां, वे है जी हां। वे वास्तव में मनुष्य है।"

30 मैंने कहा, "मनुष्य जाति के समीपस्थ चीज पशु श्रृंखला में चीज में चिंपैंजी है। और आपने पिछले चार हज़ार वर्षों से यह यत्न किया है कि एक फुसफुसहट उस चिंपैंजी से सुने, और वह यह नहीं कर सकता," मैंने कहा, "क्योंकि वह सोच नहीं सकता। उसके पास कुछ नहीं है जिससे कि वह सोचे।" ओह, आप उसे घोड़े के समान छोटी–छोटी बातें सिखा सकते है, गी और हो, या चश्मा लगाना, या सिगार पीना या साईकल पर अपना संतुलन बनाना, घुड़सवारी करना, या इस प्रकार की कोई चीज, परंतु "गी" और "हो" के समान एक घोड़े से करना, या कुत्ते की "ओर" करना, या कुछ इस प्रकार का। मैंने कहा, "वहां एक पशु है।"

31 "परंतु आप मुझे अफ्रीका जाने दे, वहां कि जो सबसे जंगली जाति है, और वह झाड़ी में रहने वाले छोटे मनुष्य है।" और मैंने कहा, "हो सकता है उसके दादा के दादा के दादा के दादा ने कभी श्वेत मनुष्य ना देखा है ना ही कुछ। केवल एक चीज जो वह जानता है, वह यह भी नहीं जानता कि उसका उल्टा और सीधा हाथ कौन सा है। वह केवल खाना जानता है, और जो कुछ उसके हाथों में आ सकता है वह वही खाता है, यदि वह मनुष्य का मांस है, या कुछ भी है, उसे कोई अंतर नहीं पड़ता, वह तो

केवल खाता है। परन्तु मुझे एक पांच वर्ष की आयु में दे दीजिए, और पन्द्रह वर्षों में वह अच्छी अंग्रेजी बोलेगा और अच्छी शिक्षा लेगा। क्यों? उसके अंदर प्राण है। परमेश्वर ने उसे मानव बनाया है और उसके पास भी वैसा ही सुसमाचार सुनने का अधिकार है, कम से कम एक बार, जैसा कि हम यहां आस–पास में सारे अमेरिका में, लोगों को प्रचार कर रहे है, बार–बार और बार–बार और निवेदन, समझना और सब कुछ कर रहे है। उसे एक बार सुनने दे, और उसे चिल्लाते और आल्टर की ओर जल्द ही दौड़ते हुए देखिए।" समझे? जी हां, श्रीमान!

32 जब भाई मैं आज अफ्रीका के लिए सोचता हूं, तो मेरा ह्रदय यही है, और वे बेचारे छोटे काले हाथ उठते हुए, कह रहे है, "भाई ब्रन्हम यीशु के विषय में एक बार और!" ओह, अनुग्रह! यहां मेरे अंदर ऐसा कुछ है जो मुझ में कुरेदता और जलता है। और जैसे ही जितनी जल्द मेरे पास प्रयाप्त पैसा हो जाएगा, मैं वहां भी जाऊंगा। हर पैसा जो मुझे मिलता है मैं उससे यही करता हूं, हर बात को परमेश्वर जानता है, केवल उसे छोड़ दो मैं खाना खा सकता हूं। और बहुत से लोग मुझे मेरे लिए कपड़े देते है। और जितने कम से कम में, मैं जी सकता हूं, मैं स्वयं जितना अधिक–अधिक से अधिक मैं कर सकता हूं, मैं इसे मिशनरी भंडारों में डालता हूं जो सरकार ने व्यवस्थित किए है। मैं उस पर आयकर भी नहीं देता हूं। जब तक मुझे तीन या चार, पांच हजार डालर मिलते है, और मैं उन्हें वहां ले जाकर लोगों को सुसमाचार प्रचार करता हूं जो की मैं जानता हूं मुझे उस दिन उत्तर देना होगा। और मैं जान जाऊंगा कि मैं किस बात का उत्तर दे रहा हूं।

33 जब मैं किसी नगर में जाया करता हूं, जब उनके पर्याप्त पास पैसा होता है, तो मैं एक बड़ी सभा करता हूं और वे बड़े अभियान करते है, और मैंने हजारों डॉलर रेड क्रॉस को दिए और आदि–आदि। उनकी आलोचना नहीं करता, परंतु सड़क पर चार हजार की कार में आते हैं बड़े–बड़े हीरे के बटनों के साथ, सिगार पीते हुए, पांच सौ डॉलर प्रति सप्ताह पैसा जो बीमार लोग... नहीं, श्रीमान! नहीं, बिल्कुल नहीं! और इस पर जैसे ही आप नगर से बाहर जाते हैं, उन्होंने कहा, "पवित्र शोर मचाने वाले," और इस प्रकार बहुत सी बातें, और मजाक उड़ाना और धर्म को नीचा करना जिसके पक्ष में हम खड़े है। नहीं, श्रीमान!

34 मैं इसे स्वयं लेता हूं, और परमेश्वर के सन्मुख जैसा कि वह मेरा न्याय है, मैं इसे सुसमाचार कार्य के लिए लगाता हूं, इसलिए मैं जानता हूं कि उस दिन... जब मुझे अपने भण्डारी पन को लेखा देना होगा, यह ठीक दिया गया। यह बिल्कुल ठीक बात है, क्योंकि मैं यह अनुभव करता हूं जैसा कि मैं लोगों के साथ व्यवहार करता हूं मैं परमेश्वर के साथ व्यवहार करता हूं। जैसा मेरा विचार भाव आपके लिए है वह विचार भाव मसीह के लिए है। और आपका जो विचार भाव मेरे प्रति है वही चीज है, यह ठीक बात है मसीह के प्रति है।

35 अब, इस प्रकार के लोगों को देखना, कि कैसे यह मनुष्य जो अब अविनाशी प्राणों के साथ है अब, जो मर नहीं सकते, नाश नहीं हो सकते उनका कुछ नहीं हो सकता परंतु उनके पास अनंत जीवन है, जो कि परमेश्वर ने सर्व सत्ता में अपनी इच्छा से आपको दिया है। और अब, तब, अब मैं...

36 मैं इसे थोड़ा सा ठीक कर दूं, या कुछ कहूं। कोई इससे हट रहा है और कहता है, "भाई ब्रन्हम एक कैलविनवादी है।" नहीं, मैं नहीं हूं। मैं तब तक कैलविनवादी हूं जब तक कैलविनवादी बाईबल में है। परंतु जब कैलविनवाद बाईबल से हट जाता है, तो मैं आर्मेनियन हूं, समझे। मैं पवित्रता में विश्वास करता हूं और मैं कैलविन में भी विश्वास करता हूं। परंतु, यह दोनों, एक अकेला किनारा छोड़कर और इसके बिना किसी सहयोग के *इस* ओर चला गया और दूसरा *इस* ओर। यदि यह इफिसियों की पुस्तक के लिए नहीं था, कि इसे वापस लाएं और ठीक उस स्थान पर रखें जहां परमेश्वर ने रखा था, तो हम सब कुछ गड़बड़ कर देंगे। परंतु उन दोनों के पास एक धार्मिक मत है, परंतु वे इस विषय पर बीज पर जाते हैं, दोनों ही, यह होलीनेस और कैलविन, और आरमेनियन वाले भी। अब, कैलविनवाद वालो के पास कुछ सत्य है। मैं उस—उस कैलविनवाद की शिक्षा का विश्वास करता हूं...

37 मैं इसका विश्वास करता हूं। सुरक्षा में, मैं विश्वास करता हूं कि कलीसिया के पास अनंत सुरक्षा है। कोई भी बाईबल का पढ़ने वाला यह जानता है, क्योंकि परमेश्वर ने यह पहले ही कह दिया है कि वह बिना दाग या दोष के प्रगट होंगे। यह ठीक बात है? तो फिर, यही होने जा रहा है। क्या यह ठीक है? वो... कलीसिया अनंतता के लिए सुरक्षित है। अब, क्या आप कलीसिया में है, यह आगे की बात है। यदि आप कलीसिया में है, तो ठीक

आप कलीसिया के साथ सुरक्षित है, परंतु अच्छा है कि आप कलीसिया में स्थिर रहे। और कलीसिया में आप कैसे आते है? हाथ मिलाने के द्वारा? नहीं। अपना नाम पुस्तक में लिखवाने के द्वारा? नहीं, श्रीमान। "एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने उस देह में बपतिस्मा लिया।" और उस देह को, परमेश्वर ने कलवरी पर न्याय कर दिया वह यीशु मसीह की देह थी, और हमने एक आत्मा द्वारा उस देह में बपतिस्मा लिया है। जब तक हम मसीह के देह में है हमारे पास अनंत सुरक्षा है, हमें कोई अलग नहीं कर सकता, हमें कोई नहीं छू सकता। यदि आप बाहर जाते है, तो अपनी इच्छा से जाते है। परंतु निश्चित रूप से यदि आप मसीह की देह में है, तो जैसे निश्चित रूप से यीशु मृतकों में से जी उठा, तो आप भी उठ जाएंगे। परमेश्वर यह पहले ही कर चुका है। वह...

38 आप पाप नहीं कर सकते। ओह, आप कर सकते है... मैं आपकी दृष्टि में पापी हो सकता हूं परंतु यदि मैं मसीह में हूं, तो परमेश्वर इसे नहीं देखता, क्योंकि उसके पापों का प्राश्चित हो गया... उसके लहू ने मेरे पापों की क्षतिपूर्ति वहां कर दी है। समझे? मैं पाप नहीं कर सकता। "वह जो परमेश्वर से उत्पन्न हुआ है वह पाप नहीं कर सकता, क्योंकि वह नहीं कर सकता। परमेश्वर का बीज उसमें बना रहता है।" समझे? वह, उसकी इच्छा होती है, यदि वह गलती करता है, तो निश्चय ही, वह तभी उसे स्वीकारने की इच्छा रखता है। यदि वह वास्तविक मसीही है, वह यह करेगा। यदि वह इसे रोके रहता है तो वह दर्शाता है, आरंभ से ही उसमें कुछ नहीं है। यह सही बात है। उसके पास आरंभ से ही उसमें कुछ नहीं है। परंतु यदि वह वास्तविक मसीही है...

39 ठीक यहां, आप गेहूं का दाना भूमि में बोते हैं, यह सदा गेहूं का बीज ही होगा। कटीली झाड़ियां इसके चारों ओर हो सकती है, और बहुत सी बातें, परंतु वह गेहूं का दाना ही होगा जब तक वह स्थिर रहता है। यह ठीक बात है? और यदि व्यक्ति वास्तव में परमेश्वर की आत्मा से उत्पन्न हुआ है, तो वह अंदर, बाहर, आगे और पीछे नहीं होता, वह सामने संसार में और यहां। नहीं, श्रीमान। नहीं, नहीं। आप एक दिन कटीली झाड़ी और दूसरे दिन गेहूं का दाना नहीं है। परमेश्वर के खेत में यह नहीं है। जी हां, श्रीमान। यदि आप परमेश्वर के आत्मा से उत्पन्न हुए है, तो आप उसी समय से मसीही है जब तक... आप कूच नहीं कर जाते, और तब आप—आप परमेश्वर के साथ अविनाशी है। यह ठीक बात है, यदि आप कलीसिया में है।

40 अब, हम मृत्यु के विषय में बात करें। अब, कैसे एक व्यक्ति ऐसी दशा में, इस प्रकार की स्थिति में, कभी रोगी हो सकता है? क्योंकि आपकी यह देह अभी तक छुड़ाई नहीं गई है। आपकी देह छुड़ाई नहीं गई है। इससे कोई मतलब नहीं कि, कितने आप अच्छे है, और कितने संत हैं और कितने पवित्र है, और कितना पवित्र आत्मा है, यह केवल आपका प्राण है। और आपका प्राण अभी तक पूर्ण नहीं है। इसमें केवल अभी आशीष, परमेश्वर की प्रतिज्ञा है, जो कि हमारे उद्धार का बयाना है। परंतु अब यदि हमारे पास हमारे पुनरुत्थान का बयाना नहीं है, कोई दिव्य चंगाई नहीं है, तो फिर मेरे पास कोई विश्वास नहीं है, या मेरे प्रमाण के लिए कुछ नहीं है कि कोई पुनरुत्थान है।

41 जैसे कि यदि मसीह मेरे ह्रदय में नहीं रहता, यदि मुझे किसी प्रकार का एक—एक मनोविज्ञान बातें जो पीछे दृष्टिगोचर होती है, उनका कहीं पर विश्वास करना पड़ता है, तो फिर मैं—मैं—मैं एक छोटे से विचारों के मूल में हूं। यही कारण है कि अफ्रीका में, जब वे मिशनरी यहां आते है, उन हजारों निवासियों को लाते हैं और वे पुरानी मिट्टी की मूर्तो को दवाये रहते हैं और बहुत सी चीजें, क्योंकि उन्होंने बाईबल के मनोविज्ञान वाले भाग को सुना है। यह ठीक बात है। मेरा अपनी कलीसिया बैपटिस्ट, मैथोडिस्ट, प्रेसबीटेरियन है, वे सब वहां गए है। परंतु जब उन्होंने परमेश्वर की सामर्थ को व्यवहारिक रूप में होते देखा तो यह तय हो गया, तब वे जान गए कि वह परमेश्वर, परमेश्वर था।

42 परंतु, अब, यह क्या है जो रोग आरंभ करता है? अब, पहली बात, इससे पहले की यह रोग बने यह आत्मा है, बिल्कुल वैसे ही इससे पहले कि आप मनुष्य बने आप एक आत्मा थे। अब मैं भाई विलेट्स को उदाहरण के रूप में लूंगा। भाई विलेट्स, मैं... एक समय था जब आप और मैं कुछ नहीं थे। और तब पहली चीज, परमेश्वर ने हमें जीवन दिया। अब हम ले, माना, यदि मैं आपकी देह इस दोपहर में लूं, आप ढेर सारी कोशिकाओं से बने है, जो कि परमाणुओ से एक दूसरे को थामे हुए है। और अब, यदि यीशु देर करता है तो एक दिन यह परमाणु नष्ट हो जाएंगे। आप पीछे की ओर चलेंगे। वे वैसे ही हो जाएंगे जैसे आरंभ में थे, वापस हवा में चले जाएंगे। परंतु जब आपकी आत्मा लौटती है, वे परमाणु फिर से एक साथ इस आत्मा के साथ आएंगे और दूसरे भाई विलेट्स ले आते हैं बिल्कुल इस वाले की तरह, केवल युवा, जब वह अपनी सुंदर चरमावस्था में थे।

43 जब एक मनुष्य अपने पच्चीसवे वर्ष को पार करता है, तो उसकी आंखों के नीचे थोड़ी झुर्रियां आ जाती है, और कुछ सफेद बाल आ जाते है। यह होने जा रहा है, क्योंकि मृत्यु आपके पीछे हैं। और एक दिन वह आपको लेने जा रही है। इससे कोई मतलब नहीं आप कौन है, यह आपको लेने जा रही है। परंतु यह धीमे–धीमे... आप यहां घेरे में आ जाएंगे, और परमेश्वर आपको उस घेरे में से बाहर निकाल लेगा, और आपको *यहां* यह कोना मिलता है, मृत्यु आपको लगभग ले लेगी, और यहां, परंतु कुछ समय पश्चात वह आपको ले लेगी। परंतु तब, मृत्यु क्या कर सकती है यह अपनी पूरी सामर्थ्य लगा देती है और तब... जब यह वह सब कुछ जो वह कर सकती है... जब परमेश्वर ने आपको यह जीवन दिया था, और आप अपनी युवावस्था के चरण में थे लगभग तेईस, जब आप पुनरुत्थान में आते हैं तब आप बिल्कुल उसी प्रकार से आएंगे जब आप तेवीस, पच्चीस वर्ष के थे, मृत्यु के आरंभ होने से पहले मृत्यु के पास। सब कुछ करेगी जो वह कर सकती है। वह वहां बैठ जाती है, परन्तु आप उसी प्रकार वापस आएंगे जैसे कि आप थे।

44 अब यदि आपके—आपके देह में की प्रत्येक कोशिका, आइए हम इसे ले, आप एक कोशिका के बाद, दूसरी कोशिका फिर, और कोशिका होते हुए आए, और यहां मंच पर आ गए आपकी देह के प्रत्येक कोशिका के बाद, आप एक छोटे से जीवांश में आए जहां से आरंभ हुए, इसे साधारण आंखों से नहीं देखा जा सकता। आपको खुर्दबीन के शीशो में से देखना होगा। मैंने खुर्दबीन में जीवन के जीवाणु को देखा है। यह एक धागे के समान दिखाई पड़ता है। और पहली चीज ठीक रीढ़ में आरंभ होती है, यह गांठ के समान होती है। यह पहली छोटी कोशिका, कोशिका के ऊपर जमा होती है।

45 अब, यदि मुझे प्रत्येक छोटी कोशिका को लेना पड़े जिससे आप सब लोग आए हैं, एक छोटी बारीक कोशिका, जीवांश... जीवांश क्या है? एक जीवाणु छोटा सुक्ष्म, कोशिकाओं में सबसे छोटा। ठीक है, उसके पश्चात? अब, मैंने आपको आपके प्रत्येक भाग से लिया है, इस छोटी कोशिका तक, और मैंने अभी तक आपको नहीं पाया। मैंने आपकी कोशिकाओं केवल रखे हुए पाया। अच्छा, तो फिर अगली चीज, लहू कोशिकाएं, और मांस कोशिकाएं, और वे जो कुछ भी है, वे सब यहां रखी हुई है, परंतु मैंने आपको अभी तक नहीं पाया। और अब, मैं एक जीवाणु में आ गया। ठीक

है, अब मैं इस कोशिका को अलग करने जा रहा हूं। अब आप कहां है? आपका जीवन। और जीवन पहली कोशिका बनाता है, जो की एक जीवाणु है तब हर चीज उसके स्वभाव के अनुसार; कुत्ते से कुत्ता, चिड़िया से चिड़िया, मनुष्य से मनुष्य। बढने वाली कोशिकाएं, कोशिका फिर कोशिका फिर कोशिका फिर कोशिका बढ़ती है, जो आप है एक मनुष्य, बढ़ती हुई कोशिकाएं। अब, यह परमेश्वर द्वारा नियुक्त हुआ था कि ऐसा हो।

46 परंतु अब कैंसर के विषय में क्या है? आइए हम उसके विषय में थोड़ी बात करें। अब, परमेश्वर ने आपको आपका जीवन दिया है। और कहता है, आज तुम यहां हो, मैं यहां हूं, यहां—यहाँ मेरे हाथ में कुछ नहीं है, कभी ऐसा हो सकता है कि मेरे हाथ में कैंसर हो। अच्छा, तो कैसे यह कैंसर वहां आ गया? चलिए देखे वह कैंसर क्या है, अब, हम इसे अलग ले, चलिए हम इसे ले ले। अब, यह भी कोशिकाओं का झुंड है। क्या आप यह जानते है? फोड़ा, मोतिया बिंदु, यह कोई सी भी चीजें ये कोशिकाएं है। इनका अपना कोई रूप नहीं होता। कुछ इनमें से फैल जाते है, और कुछ मकड़ी के समान दिखते है, और कुछ देखते है… रेखा चली जाती है, एक लाल कैंसर, लाल लंबे धागे के समान जो सीधा चलता है… और तब एक गुलाबी कैंसर है जो कि अधिकतर महिलाओं के स्तन पर होता है, यह पैन केक के समान एक दूसरे पर रखा होता है, तब वे फैलते जाते है। और वे कहीं भी उत्पन्न हो जाते है।

47 कभी-कभी फोड़े असंतुलित अवस्था में होते हैं, *इस* प्रकार, तिरछे, और हर तरह। उनका का कोई रूप नहीं होता, क्योंकि वे एक आत्मा से है जिसका कोई रूप नहीं होता। परंतु यह बढ़ने वाली कोशिकाएं होती है। यह कोशिकाओं का झुंड होता है, मान लीजिए अब आपके सीधी और फोड़ा या कैसर है, यह बढ़ने वाली कोशिकाये है, जो बढ़ती है, बढ़ती है, बढ़ती है। यह आपके जीवन को आप में से खा रही है चूस रही है। यह लहू के बहाव पर जीवित है। मोतिया बिंद आँख का स्लेष्मा लेता है और उसी पर बढ़ता है और स्वयं से ढांक लेता है, और आपकी आंख को बंद कर देता है। उसमें से कुछ आते हैं और कभी नहीं लेते… जैसे तपेदिक, यह एक छोटे सुक्ष्म जीवाणु के समान अंदर आती है। इसका आकार से कोई संबंध नहीं है। उसी आकार का जीवाणु हाथी को बनता है, एक—एक चिकारे को बनाता है। समझे? जीवाणु के आकार से कोई संबंध नहीं है।

48 उनमें से कुछ देह का रूप लेते है, कुछ नहीं लेते है। और कुछ कोशिकाओं में कभी नहीं जाते। कुछ आत्मा हो जाते है, और प्राण को यात्ना देते है। हम उस भाग को लेने का यत्न करेंगे, मैं वह भाग कल दोपहर बाद के लिए छोड़ दूंगा, यदि मैं ले सका, कि वह प्राण–आत्मा कहां से आती है, और कैसे *यहां* है।

49 और अब, मित्रों, मैं यह किसी प्रकार के मनोविज्ञान से नहीं बता रहा हूं। मैंने वर्षों से प्रेत आत्माओं के साथ व्यवहार किया है, और आप यह जानते है। यदि आप यह बात जानते हैं, कि कभी–कभी रात्रि में सभा समाप्त होने के पश्चात क्या होता है। आप नहीं जानते। याद रखिए जब आप किसी आत्मा के विरुद्ध खड़े होते हैं, तो आपको मालूम होना चाहिए कि आप किस विषय में बात कर रहे है। वहां केवल खड़े होकर बस कुछ करते ही ना रहिये, क्योंकि इससे कोई लाभ ना होगा। परंतु जब वास्तव में प्रेतात्मा को आपको आज्ञा का पालन करना होता है, तो वह इसे पहचानता है। यह वह नहीं है कि आप कितनी जोर से चिल्लाते हैं, इससे कुछ नहीं होता कि कितना तेल आप उड़ेलते है। यह वह है कि पीछे क्या है जिसे कि वह पहचानेगा, सत्य। यीशु ने उस से कहा, “बाहर निकल आ।”

50 ध्यान करिये, चेले हाथ पैर चला रहे थे और जोर लगा रहे थे और उसे बाहर निकालने का यत्न कर रहे थे, और आदि–आदि। उन्होंने कहा, “हम क्यों ना उसे बाहर निकाल सके? ”

कहा, “तुम्हारे अपने अविश्वास के कारण।”

51 कहा, “उसमें से बाहर निकल आ।” लड़का गिर पड़ा और ऐसा भयंकर दौर पड़ा जैसा कभी नहीं पड़ा। समझे? समझे? वे अधिकार को पहचानते हैं।

52 वहां उन आवारा लड़कों को देखिए जिन्होंने पौलूस को प्रेतत्माओं को निकालते देखा था। उन्होंने कहा, “हम भी यह कार्य कर सकते है, ” किसी याजक के पुत्र थे। इसलिए वे गए और बोले, “हम प्रेतत्माओ को निकाल सकते है।” प्रेरितो के काम 19। वे एक मनुष्य के पास गए जिसे मिर्गी का दौरा पड़ता था, और कहा, “हम यीशु के नाम में शपथ धरा कर तुझ से कहते है, उसमें से निकल आ... ” प्रेत आत्मा ने कहा, “अब... ” “... यीशु के नाम में जिसका पौलुस प्रचार करता है!”

53 प्रेतआत्मा ने कहा, “मैं यीशु को जानती हूं और मैं पौलुस को जानती हूं, परंतु तुम कौन हो? ” आप जानते हैं क्या घटित हुआ। उस मनुष्य पर टूट पड़ी, और उनके कपड़े फाड़ दिए, और उन्हे दौरे पड़ने लगे, और वे सड़क पर भाग गए।

54 वे ही प्रेतआत्माये आज रहती है, इसलिए बहुत से धार्मिक उन्माद है। आज सांझ, यह कलीसिया है। आज राष्ट्र में बहुत से धार्मिक उन्माद है, जो दिव्य चंगाई करने वाले कहलाते है, इन्हें बंद कर देना चाहिए। यह वास्तव में बदनामी के कारण है। इसलिए आपको ऐसा कठिन संघर्ष करना पड़ता है आज बहुत सी बातें है। जो धर्म कहलाती है, इन्हें बंद कर देना चाहिए। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] कुछ नहीं आराधनाये है! यही है जो परमेश्वर की सच्ची कलीसिया से कठिन संघर्ष करवाता है। परंतु हम अमेरिकन है, देखा, यह इसी प्रकार होना है। परमेश्वर कहता है गेहूं और बेले और झाड़ियां एक साथ उगती है। उन्हें उखाड़ने का प्रयत्न ना करो। उन्हें एक साथ बढ़ने दो, परंतु उनके फलों से आप उन्हें पहचान लोगे। वहां कोई फल नहीं है, क्यों, वहां कोई जीवन नहीं है, वहां कुछ भी नहीं है।

55 अब, इस कोशिका पर ध्यान दीजिए। उदाहरण के तौर पर ले, जैसा कि बहुत सी बार, लाल कैंसर अक्सर महिला के गर्भाशय पर आक्रमण करता है, महिलाओं को आघात पहुंचाता है और आदि–आदि। अब ये, हम इसे ले, वह वहां पर उसकी कोशिकाओं में है, यह—यह कैंसर। अब एक कैंसर...

56 हर शारीरिक चीज आत्मिक का प्रतीक है। क्या आप यह जानते हैं? कि हर शारीरिक चीज बगैर सोचे, आत्मिक का प्रतिक है।

57 उदाहरण के लिए, इस प्रकार, जब—जब हम यीशु की देह में जन्म लेते है, तो हमारे जन्म के लिए तीन तत्व होते है। और यह तीन तत्व जब वह मरा तो मसीह के जीवन से बाहर आते हैं। उसकी देह में से, पानी, लहू, आत्मा निकले क्या यह ठीक है? [सभा कहती है, “ठीक है।”—सम्पा।] तीन तत्व, इन्हीं तीनों तत्वो में से होते हुए हमारा नया जन्म होता है: न्यायोचित, पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा। अब, यह सब एक साथ कार्यवन्त हो सकते है। परंतु ये... परंतु इसमें लगता है आप बिना पवित्रीकरण के न्यायोचित अवस्था में हो सकते है। आप प्रभु यीशु मसीह

पर विश्वास कर सकते हैं और तब भी आप अपनी गंदगी अपने साथ लिए रहते है। परंतु आप पूर्णत: न्यायोचित और स्वच्छ पवित्र जीवन में एक साथ जीवित रह सकते हैं, और बगैर पवित्र आत्मा के हो। बाईबल, देखिए, पहला यूहन्ना 5:7 में, कहां है, "तीन है जो वहां स्वर्ग में गवाही देता है, पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा... और पिता, वचन, और पवित्र आत्मा," जो कि पुत्र था, "और यह तीन एक है। और यहां पृथ्वी पर तीन है जो गवाही देते हैं, पानी, लहू और आत्मा, और ये एक में सहमत है।" एक नहीं, परंतु एक में सहमत है। बिना पुत्र के आप पिता को नहीं ले सकते, बिना पवित्र आत्मा के; आप पुत्र को नहीं ले सकते क्योंकि यह अलग नहीं हो सकते है एक है। त्रिएकता एक में है।

58 मैं यहां आस–पास नहीं सुनता हूं, परंतु आप इसे राष्ट्र में काफी सुनते है, पेंटीकोस्टल झुंडो में एक महानतम बात यह है, वे इस साधारण बात में गड़बड़ा गए है। मैंने उनके मुख्य अधिकारियों को एक साथ एकत्र करके यह बात सिद्ध कर दी थी कि वे दोनों एक ही बात पर विश्वास करते है। यह शैतान उनके मध्य में है, बस। यदि वह महान पेंटीकोस्टल कलीसिया... वह इन छोटे–छोटे पुराने रीति–रिवाजों को छोड़ देगी और अपने को परमेश्वर की एक आशीषित कलिसिया में इकट्ठा कर लेगी, और स्वर्ग पर उठा लिया जाना होगा। परंतु जब तक शैतान उनको तोड़े रखता है, ठीक है। यह उसके कार्य करने की विधि है। और वे पूर्णत: एक ही बात का विश्वास करते है।

एक कहता है, "ठीक है *यह* इस प्रकार से है।"

59 मैंने कहा, "भाई, यदि *यह* वह है, तो *वह* यह है।" इसलिए आप यही है। इसलिए, यह सब एक ही बात है। परंतु आप उसमे, त्रिएक त्रिएकता के परमेश्वर में है। अब, परमेश्वर अपने एकवाद में है। परमेश्वर पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा। अब, हम यह नहीं कहते "हमारे ईश्वर," जैसे की मूर्ति पूजक। यह "हमारा परमेश्वर।" समझे? यह तीन तह परमेश्वर है।

60 अब, ध्यान दें, शैतान भी त्रिएकता में है। और उसकी सामर्थे त्रिएकता में है।

61 अब, ध्यान दें जब जल, लहू और आत्मा एक नये जन्म को उत्पन्न ना करते है। क्या यह ठीक है? अब ध्यान दें। यही है जो नए जन्म का प्रतिनिधित्व करता है। नये जन्म का क्या प्रतिनिधित्व है, इससे पहले की

नया जन्म हो? जब... आपकी माताएं, जब एक बालक उत्पन्न होता है, पहली बात क्या होती है? पानी। अगली, लहू। अगली, देखिए, यह जीवन को बनाता है, देखिए, व्यक्ति को बनाता है। पानी, लहू, आत्मा।

62 अब, हम आगे को कैंसर के लिए देखें। हमारे पास पांच मिनट बचे है, मेरा अनुमान है। लगभग अगले पांच मिनटों में, हम कैंसर को देखें। यह व्यक्ति क्या है? यह क्या दर्शाता है? यह एक कूड़ा हटाने वाला है। यह गिद्ध को दर्शाता है, मरी वस्तुये खाता है। और कैंसर कुचली हुये स्थान से आता है, अधिकतर जहां कोशिकाएं पर चोट लगी हो और वह—वह टूट गई हो। और छोटी कोशिका वहां पर पिछड़ जाती है। ओह, यह बैपटिस्ट के लिए एक बड़ी बात है, है कि नहीं? ठीक है, परंतु यह पिछड़ जाती है, वह कोशिका। मैं बैपटिस्ट हूं जो कि पिछड़ने में विश्वास करता है।

63 उस दिन किसी ने यहां अरकान्सस की सभा में कहा, बोला, "भाई ब्रन्हम,"... वह नाजरिन व्यक्ति था। वह चंगा हुआ था। उसका... वह नगर में अपनी बैसाखियों को कंधों पर रखे जा रहा था। उसने कहा, "आप जानते है?" बोला, "जब मैं पहली बार यहा आया," कहा, "मैंने—मैंने सोचा कि आप... आपको प्रचार करते हुए सुना, मैंने सोचा कि आप नाज़रिन हो।" उसने कहा, "तब मैंने देखा कि अधिकतर लोग पेंटीकोस्टल है, और किसी ने मुझे बताया कि आप पेंटीकोस्टल है। और अब ये आप कह रहे हैं कि आप बैपटिस्ट है।" कहा, "मैं नहीं समझ पाया।"

64 मैंने कहा, "ओह, यह बहुत सरल है।" मैंने कहा, "मैं पेंटीकोस्टल नाजरीन बैपटिस्ट हूँ।" इसलिए यह—यह ठीक है। ठीक है। नहीं, हम मसीह यीशु में एक है, पवित्र आत्मा के द्वारा हम एक बन रहे है। यह ठीक बात है।

65 अब, ध्यान दें, यह छोटी कोशिका जब कुचल जाती है तो पिछड़ जाती है। यह थोड़ा सा आरंभ करती है। दूसरा जीवाणु इधर-उधर दौड़ता है कि अपना जीवन उसमें डाल दें। और यहीं वह पीप है जो छाले में आती है। यही वह छोटा सिपाही है जो आपके जीवन के लिए लड़ता है। वे वहां दौड़ते हैं और—और उस जहर पर आक्रमण करते हैं, वे शैतानी शक्तियां वहां इकट्ठी होने का प्रयत्न—प्रयत्न करती है, और अपना जीवन देती है। यही हो जो बनता है... वे... छोटे मृत सिपाहियों का झुंड है, वह पीप जो आपके

लहू में है... वह उस छाले या घाव में—में है, वे आपको बचाने के लिए अपना जीवन देते है।

66 जब एक छोटी कोशिका वहां अस्वीकार कर दी जाती है और यह प्रेतआत्मा बढना आरंभ कर देती है, वह कोशिकाओं को बढ़ाना आरंभ कर देती है। बिल्कुल ठीक उसी प्रकार जैसे आपके बालक आपके गर्भ में आरंभ होते हैं, यह अपनी देह बनाना आरंभ कर देता है, और जैसे आपने अपनी माता में किया। कोशिका के ऊपर कोशिका, कोशिका के ऊपर कोशिका, कोशिका कैसी भी, किसी भी ओर; उनके पास कोई भी आकार नहीं होता जैसा की मनुष्य, अपने स्वभाव के अनुसार। यह केवल आत्मा से बाहर है। यह बस किसी भी ओर बढ़ता है, और कोशिका के ऊपर कोशिका आरंभ कर देगा, कोशिका के ऊपर कोशिका।

67 और अब, पहली बात आप जानते हैं, आप कमजोर और बीमार अनुभव करना आरंभ कर देंगे। आप डॉक्टर के पास जाएंगे वह आपको जांचेगा। हो सकता है वह इसे पा सके। यदि वह पाता है तो संभव है वह इसे काट दें। यदि वह इसे साफ तरीके से काट दे, तो ठीक है, आपको मिल गया। परंतु यदि वह इसे ठीक प्रकार से ना काट सके, तब यदि यह गले में या कहीं और है जहां यहां साफ–साफ काटा ना जा सके, एक छोटा सा भाग भी वहां जीवित रहेगा। देखिए, क्योंकि यह आपके समान नहीं है कि आप अपना हाथ काट देंगे, और यह बस हो गया, या कुछ भी या आप अलग हो गए... मेरा क्या अर्थ है, यदि आप देह का विशेष भाग काट देंगे, और अपना हाथ वहां छोड़ देंगे, तो वह क्योंकर जीवित रहेगा। परंतु—परंतु, देखिए, यह उस प्रकार का जीवन नहीं है जिस प्रकार का आपके पास है। यह चलने फिरने वाली शैतानी शक्ति है।

68 और अब ध्यान दें, आप उन्हें डॉक्टर लोग इसे “कैंसर” कहते है। परमेश्वर इसे एक “शैतान” कहता है। आज देखिए। उन्होंने अभी इसे पाया है... *कैंसर* शब्द कहां से आया है? यह एक ग्रीक शब्द से आया है... जो चिकित्सा प्रणाली का शब्द है जिसका अर्थ है “केकड़ा,” एक केकड़ा जिसे आप समुद्र के किनारे देखते हैं, जिसके ढेर सारे पैर होते है। यह—यह इसी प्रकार से करता है, यह बढ़ता है, फैलता है। शब्द *कैंसर* “केकड़ा” है। और यह अंदर बढ़ता है और पकड़ बनाता जाता है, जैसे–जैसे यह बढ़ता है लहू चूसता है, उस ऑक्टोपस के समान या ऐसे ही कुछ। क्यों,

एक फोड़ा, या ट्यूमर, मोतिया बिंद और दूसरे रोग उनमें से प्रत्येक जीवाणु से आते है, और उस जीवाणु को एक देह होना है। और इससे पहले कि यह देह हो सके, इसे जीवन होना है। इससे पहले कि यह उत्पन्न हो या—या अंकुरित हो और ढेर सारी कोशिकाएं बनाएं, इसे जीवन होना है। ठीक है ना? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] अब, यह कैंसर कहां से आता है? कौन है, यह कहां से आता है? कुछ समय पहले यह आप में नहीं था, परंतु हो सकता है अब यह आप पर हो। यह कहां से आया? यह दूसरा जीवन है आपके जीवन से भिन्न है, आप में रह रहा है। और यह यात्ना युक्त है, आपके जीवन का आत: खनन कर रहा है। यही कारण है कि यीशु ने इसको "एक शैतान" कहा है।

69 आज वे इसे मिर्गी कहते है, वे, "मिर्गी" कहते है। क्यों, बाइबिल में, इसे यीशु ने इसे "एक शैतान" कहा है। जब वह मनुष्य, लड़के के साथ आया जो की भूमि पर गिर पड़ा, और मुंह से झाग गिराने लगा, और आदि-आदि, उसने कहा, "इस पर शैतान है और बहुत सी बार इसने इसे आग और पानी में गिराया।"

70 और उन्होंने इसके नाम की शोभा बढ़ाई और इसे मिर्गी कहा परंतु यह एक शैतान है। और यीशु ने कहा, "शैतान तू इस बालक में से बाहर निकल आ!" बिल्कुल यही। और मिर्गी अक्सर किडनी या रोग के कारण से होती है। हो सकता है आप इसे थोड़े समय पश्चात देख सके। समझे? मूत्र संबंधित कारण से मिर्गी होती है।

71 अब, इसमें ध्यान दें, वह कोशिका वहां स्थिर हो जाती है, यह एक शैतान है। वह एक जीवन बना रहा है; बड़ा और बड़ा हो रहा है। उसके पास करने के लिए एक कर्तव्य है, कि आपका जीवन ले ले। शैतान ने उसे इसलिए भेजा है कि आप के दिनों में से सोलह कम कर दे।

72 अब, मैं प्रत्येक डॉक्टर का आदर करता हूं। जी हां, श्रीमान। हर चिकित्सा विज्ञान, परमेश्वर उन्हें इस सहायता के लिए आशीष दे कि उन्होंने लोगों की सहायता की है। यह सही बात है। आज इसके बिना आप संसार में क्या करेंगे? चिकित्सा विज्ञान के लिए मैं परमेश्वर का धन्यवाद करता हूं। मैं परमेश्वर का अपने वाहन के लिए धन्यवाद करता हूं। यदि परमेश्वर विज्ञान को मेरा वाहन ना बनाने देता, तो मेरे पास चलने और घूमने का एक कठिन समय होता। बिजली बत्तियां, और साबुन हाथ धोने

के लिए, निश्चय ही दांत माजने के लिए टूथपेस्ट के लिए। मैं हर चीज के लिए उसको धन्यवाद देता हूं क्योंकि हर अच्छी वस्तु परमेश्वर की ओर से आती है।

73 परंतु मैं आपको बता दूं, किसी थोड़ी सी भी दवा ने कभी भी किसी भी रोग को चंगा नहीं किया है। और कोई भी एक डॉक्टर नहीं है, यदि वह नीम हकीम ना हो तो, परंतु एक सच्चा डॉक्टर आपको बताएगा कि वह चंगा करने वाला नहीं है। वह इसका दावा नहीं करता मायो ब्रदर्स के यहां आप में से बहुत से... वहां मेरा दो, तीन बार साक्षात्कार हुआ। उन रोगियों का जो वहां से लाइलाज, आए... आप *रीडर्स डाइजेस्ट* पढ़ते हैं, नवंबर का अंक? आप में से कितनों ने नवंबर का अंक पढ़ा है, मेरे ऊपर वह लेख *रीडर्स डाईजेस्ट* में है? समझे? और उन्होंने वहां मुझे बुलाया एक बालक का साक्षात्कार जिसे उन्होंने छोड़ दिया था। कहा, कि "इसका कुछ नहीं हो सकता।" परंतु पवित्र आत्मा मुझसे बोला और मुझे बताया कि यह कैसे किया जाएगा, और यह हो गया। ठीक है। अब, उन्होंने मुझे वहां बुलाया। और ठीक वहां जहां जिमी और वे, मायो वहां हुआ करता था वहां पर एक बड़ा सा लिखा हुआ बोर्ड था कि, "हम चंगा करने वाले हैं यह दावा नहीं करते। हम केवल कहते हैं कि हम प्रकृति की सहायता करते हैं। चंगा करने वाला एक है, वह परमेश्वर है।" वे संसार में सबसे बढ़िया है। अब, हमारे यहां कोई नकली डॉक्टर है, जी हां। यह ठीक बात है। हमारे यहां कुछ नकली प्रचारक भी है। ठीक है। इसलिए, दोनों ओर चलता है।

74 ध्यान दें, कोई भी मनुष्य जो इस बात का दावा करता है, कि चंगा करने वाला है, वह गप्पी है, क्योंकि वह यह नहीं कर सकता। क्योंकि बाईबल ने कहा, "मैं तुम्हारे सारे पापों को क्षमा करने वाला और तुम्हारे सारे रोगों को चंगा करने वाला परमेश्वर हूं।"

75 मैं अध्ययन पर कर रहा था। और मेरे कमरे में... संसार का एक बहुत अच्छा डॉक्टर आया। मित्रों आप पिछले जीवन को नहीं जानते, नहीं जानती कि पीछे क्या था, और इस प्रकार की बातें मैं आम जनता में नहीं बताता। लोग गुप्त रुप में से आते है। और क्या आप नहीं सोचते कि आज भी संसार में बहुत से निकोदिमस है; निश्चय ही, हजारों है। वे उस पर देखते हैं और सभा में आते है। और टी शर्ट पहन कर बैठते है, या कुछ इसी प्रकार का,

उन बढ़िया नामों के साथ ही आप आश्चर्यचकित हो जाए, ठीक यहां सभा में बैठते हैं। कुछ दिनों तक इधर उधर घूमने के पश्चात, और गुप्त रूप में बुलाते हैं और किसी को साक्षात्कार के लिए भेजते है। और अब कहते है, कहते है, “भाई ब्रन्हम, मैं विश्वास करता हूं, कि यह सत्य है।” वे हमारी नाई मनुष्य है। निश्चय ही। और हर मनुष्य उस सामने के अंधकार के पर्दे से आगे देखने की इच्छा रखता है उसे उसमें से एक दिन निकलना होगा।

76 परंतु ये कैंसर और यह चीजें बिल्कुल शैतान है, देह के रूप को धारण करता है, बढ़ता जाता है, आपका जीवन लेता जाता है।

77 अब, यदि मैं डॉक्टर के समान करूं, यदि मैं इसे काट कर अलग कर सकूं, और भूमि पर डाल दूं... या, इस प्रकार उदाहरण के रूप में, कहे, आप इस पृथ्वी पर स्वयं एक कैंसर है। अब, यहां दिव्य चंगाई है। यदि मैं डॉक्टर की विधि से आप से पीछा छुड़ाना चाहूं, मैं बस करता रहूंगा... आपकी देह को रगड़ुगा, या कुछ और इसी प्रकार, जब तक कि यह पृथ्वी से समाप्त ना हो जाए। वहां कुछ भी ना बचेगा जिस प्रकार की डॉक्टर उस बढ़े हुए भाग को आप से हटाते है। परंतु दिव्य चंगाई के रूप में, यदि आप एक कैंसर थे, मैं आपके जीवन को आप में से बाहर निकाल दूंगा, और आप आगे बढ़ जाएंगे। आपका जीवन आपको छोड़ देगा, परंतु आपकी देह यहां वैसी ही रहेगी जैसी थी।

78 अब, यही जहां दृष्टि और समय दिव्य चंगाई में परमेश्वर के दृष्ट शत्रु है। मैं नहीं जानता कि भाई बेक्सटर ने इन बातों को कभी सभा में लिया है। मैंने बैठ करके, उन्हें इसकी व्याख्या की है और भाई बोसवर्थ बार–बार। परंतु यहां वो जो घटित हुआ। मुझे संदेह है पता नहीं बहुत से लोग इसे समझ पाए है या नहीं, क्योंकि, कुछ समय बाद आप पाएंगे कि लोग वापस आ रहे हैं, और कह रहे है, “भाई ब्रन्हम दो–तीन दिन तक मैं चंगा रहा था, परंतु, परमेश्वर का धन्यवाद हो अब वह—वह समाप्त हो गई है।” और मैंने यह पाया है, और मैं सोचता हूं यह इस कारण से है वे सभा में ठीक से नहीं बैठते है। लोग समझते नहीं। मेरे पास ऐसे बहुत से व्यक्ति है जो मंच पर आए और बिल्कुल अंधे, कैंसर वाले, या मोतिया बिंद उनकी आंखों पर था, और प्रार्थना के पश्चात इस बाईबल को पढ़ा, और चले गए; और तीन–चार दिन में वैसे ही अंधे हो गए जैसे पहले थे। क्या घटित हुआ? कोई भी

नहीं जानता है जब जीवन किसी भी देह में से निकलता है, तो कुछ समय के लिए वह सिकुड़ता है। क्या यह ठीक बात है?

79 यहां पर यदि किसी ने कभी हिरण मारा हो, या गाय, या इस प्रकार की कोई भी चीज? निश्चय ही। बिल्कुल ठीक है। आज रात्रि आप उसका भार कीजिए, आप मेरे शिकारी मित्रों जो यहां है। आप एक हिरन मारते हैं और उसे तराजू पर डालते हैं, और लड़कों को बताओ कि उसका कितना भार है। ध्यान रखिए! प्रातः वह कई पाउंड उस से हल्का हो जाएगा जितना वो पहले था। जब मनुष्य मरता है तो देखभाल करने वाला, पहली चीज यह करता है कि नकली दांत या आंख निकाल देता है, जो कुछ भी उसमें है, क्योंकि, यह सिकुड़ता है, और इन सब को बाहर निकाल देगा क्योंकि मानव शरीर सिकुड़ता है। सारे शरीर सिकुड़ते है। जब जीवन कोशिका से बाहर निकल जाता है, यह नीचे की ओर चलता है, सिकुड़ता है। लगभग बहत्तर घंटे तक यही होता है। और तब यह फूलना आरंभ करता है। किसी छोटे कुत्ते को यहां बाहर नीचे दब जाने दे। और उसे सूरज में वही लगभग तीन दिन तक पड़ा रहने दे, और देखिए क्या घटित हुआ। वह पहले से कहीं अधिक बड़ा कुत्ता हो जाएगा। वह फूल जाता है। यह ठीक बात है ना? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।]

80 देखिए ठीक यही चीज तब घटित होती है जब एक—एक शैतान रोगी व्यक्ति में से निकला जाता है। पहले कुछ दिन, "ओह, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।" तब कहना आरंभ करता है, "मैं—मैं पहले से अधिक मैं—मैं बीमार हो गया। मैं चंगाई खो चुका हूं।" जिस प्रकार कि विश्वास ने इसे बाहर निकाला था, अविश्वास इसे फिर से वापस ले आता है। जैसे कि विश्वास इसे मारता है, अविश्वास इसका पुनरुत्थान कर देता है। यीशु ने कहा, "जब अशुद्ध आत्मा एक मनुष्य से बाहर निकल जाती है, तो वह सूखे स्थानों में चली जाती है और वह सात दूसरी बुरी आत्माओं के साथ वापस आती है।" और यदि अच्छा व्यक्ति घर के द्वार पर उसकी रक्षा के लिए ना खड़ा हो, तो वह सीधा अंदर आ जाएगा। और आपके घर का अच्छा व्यक्ति आपका विश्वास है। कहे, "दूर रह!" यही है।

81 परंतु अब आप साधारण रूप में उस रोगी को देखिए, जो चंगा हुआ है, जो उस विशेष प्रकार का आश्चर्यकर्म ना हो। दिव्य चंगाई और एक आश्चर्यकर्म दो भिन्न प्रकार की चीजें है। दिव्य चंगाई, एक चीज है; एक

आश्चर्यकर्म अलग चीज है। परंतु एक साधारण दिव्य चंगाई, जब अशुद्ध आत्मा निकल जाती है, एक कैंसर शैतान, जब यह व्यक्ति को छोड़ता है, "ओह!" अब, या हम कुछ और चीज लेंगे ताकि आप भली–भांति देख सके, मैं कहूंगा, यह मोतिया बिंद। क्या घटित होता है जब वह व्यक्ति... यदि आप एक अंधे व्यक्ति पर ध्यान दें। मुझे नहीं मालूम कि मेरे पास यहां कोई था या नहीं, जिसकी अब भी मोतिया बिंद वाली आंखें हो। मैं उन्हें एक कुछ मिनटों के लिए खड़ा करूंगा। क्यों? इसलिए ताकि सिकुड़ना आरंभ हो जाए। उनसे कहे कि यहां वापस आए और हमें गवाही दे। "ओह, प्रभु!" वे भली प्रकार से देख सकते है। "ओह, प्रभु! मैं एकदम चीजें देख सकता हूं! जी हां! मैं... " क्या मामला है? जीवन चला गया है; मोतिया बिंद का मांस सिकुड़ रहा है। देखिए, यह कुछ दिन के लिए ऐसा ही करेगा। कहते है, "ओह, मैं अच्छा हो रहा हूं।"

82 और कुछ समय पश्चात उन्हें सिर दर्द आरंभ हो जाता है, उतना अच्छा अनुभव नहीं होता। अगली प्रातः उठते है, "मैं फिर अपनी दृष्टि खोज रहा हूं।"

83 उनमें से कुछ ने कहा, "ओह, आपका बस काम चल गया है। इन पवित्र शोर मचाने वालों ने बस आपका काम चला दिया है।" तुम इसका विश्वास मत करो! यह शैतान का झूठ है। यदि आप यह विश्वास करते है, तो तुम फिर से अंधे हो जाओगे।

परंतु यदि तुम केवल यही कहते जाओगे, "नहीं। प्रभु, मैं विश्वास करता हूं।"

84 तब क्या होता है? वह मांस वाला भाग इतने लंबे समय तक फुला या सूजा रहता है कि वह दृष्टि को पूरी तरह फिर से ढांक लेता है। वह कैंसर शरीर में फुलेगा। आपको फिर दुखित और निरंतर दर्द होगा। तब आप बुरी तरह से बीमार हो जाएंगे, भयंकर बीमार। क्यों? क्योंकि वह बढ़ा हुआ मांस आपके शरीर में, मरा पड़ा है।

85 आप वापस डॉक्टर के पास जाते हैं और वह कहता है, "ओह, यह बेकार बात है। कैंसर वहीं पर है। मैं इसे देख सकता हूं।" निश्चय ही, यह वहां है, परंतु वह मृत है। हाल्लेलुय्या!

86 अब, लहू प्रवाह को देह को शुद्ध करना है। हर बार, हृदय लहू को, सारे शरीर में दबाव के द्वारा फेंकता है, और वह उस जीवाणु प्रभाव के ले

लेता है। निश्चय ही, वह आपको बीमार कर देता है। क्या हो यदि आपके अंदर एक मांस का टुकड़ा कहीं पर लटका हुआ हो, या सर्प जैसा लंबा, या आपकी उंगली के समान, और अंदर लटका हुआ हो, और ये मरा हुआ हो, इतना मरा हुआ मांस आप में लटका हुआ हो, और यह सड़ रहा हो? तो फिर निश्चय ही आपके लहू के प्रवाह को उसे स्वच्छ रखना होगा, जैसे की उसमें दाब प्रवाह है। परंतु वहां तो मृत मांस का टुकड़ा वह चीज वहां लटकी हुई है, क्योंकि उसमें से जीवन जा चुका है। परमेश्वर की सामर्थ विश्वास के द्वारा, उसे बाहर निकाल देती है। वह शैतान है; उसे छोड़ना ही है।

87 परंतु, कारण, लोगों को निर्देश नहीं दिया गया। वे चले गए, छोड़ दिया। और वही शैतान वहां खड़ा है, कि फिर से कब्जा कर ले। जब परमेश्वर आपको कुछ भी इस मंच पर बताता है, अपने आत्मा के द्वारा, जब वह प्रेरणा में होता है, तो आप उस पर शंका ना करें, या फिर आपके ऊपर भयानक चीज आ पड़ेगी, उसने यह कहा है। क्योंकि यीशु ने कहा, "उस व्यक्ति की बाद की दशा पहले से सात गुनी खराब हो गई।" यह ठीक है ना? जब अशुद्ध आत्मा मनुष्य में से चली जाती है, तो वह सुखी स्थानों में घूमती फिरती है, और दूसरी सात आत्माओं के साथ वापस आती है। इसलिए, आप अविश्वास मत कीजिए। उसी के साथ स्थिर रहिये। आपके हृदय से ही इसका अर्थ हो। कहे, "नहीं, श्रीमान! मैं हिलुंगा नहीं! इसे कोई मतलब नहीं कि मैं कितना ही रोगी क्यों ना हो जाऊं, उसका इससे कुछ लेना–देना नहीं है।" तब, पहली चीज आप जानते है, आप साफ हो रहे है। तब सब चीजें ठीक हो जाएगी। देखिए, यह मृत हो गया है। उस—उस शल्यचिकित्सा से जो भाग डॉक्टर आप में से निकालता, वह बढ़ा हुआ भाग, आपके अंदर बिना जीवन के पड़ा है।

88 आप कहते है, "उसमें जीवन है, भाई ब्रन्हम, क्या यह मेरा जीवन ले लेगा?" नहीं, श्रीमान। वह जीवन आपके जीवन से अलग है। मैंने अभी आपको दर्शाया है कि आप एक जीवन है और एक जीवित प्राणी बन गए, और यह एक जीवन है और एक जीवधारी हो गया; और आप परमेश्वर के है, और यह शैतान का है। आपने देखा मेरा क्या अर्थ है? प्रेत विद्या। अब, आपको देखना चाहिए कि वह चीज कैसी दिखती है, जब आप खड़े होते हैं और इसको देखते है।

89 ओह, मुझे खेद है लगभग साढ़े तीन बज गए है। मुझे खेद है। देखिए, मित्रों। ओह, इस संसार की क्या आवश्यकता है!

90 मैं लगभग सात वर्षों से समस्त अमेरिका में यह शिक्षा दे रहा हूं, और यह चंगाई सभाये कर रहा हूं। मुझे अब अच्छी प्रकार से बोध हुआ कि सारे राष्ट्र में आरंभ करूं, बाईबल की शिक्षा को, और प्रेत विद्या पर कि किस प्रकार लोग समझ सकते हैं कि क्या करना चाहिए। और यही कारण है, वे इन सभाओं में बहुत बार जाते हैं, और लोगों... यदि आप नहीं समझते, वे लोग बहुत आते हैं, और बहुत सी बार...

अब, ध्यान करें, वह व्यक्ति जो आया और कहा कि उसके पास दिव्य चंगाई का वरदान है? दिव्य चंगाई का वरदान आप में ही था यदि आप चंगे हो गए है। यह वह आप है। कोई भी वरदान विश्वास के द्वारा कार्यवन्त होता है। और इससे कोई मतलब नहीं, कि मेरे पास कितना चंगाई का वरदान है, मैं अपने पूरे हृदय से विश्वास करता हूं, परंतु आप यहां खड़े हो सकते है, और यदि आपके पास उसी प्रकार का विश्वास नहीं है, तो यह आपका कुछ भी भला नहीं करता। मैं आपके लिए घंटों और सप्ताहों और महीनों प्रार्थना करता रह सकता हूं। यह प्रचारक दिव्य चंगाई के साथ नहीं है। यह आप है जिसके पास चंगाई का वरदान है, जो चंगा होने में विश्वास करता है, क्योंकि यह विश्वास के द्वारा है। विश्वास के द्वारा! परमेश्वर की प्रत्येक गतिविधि विश्वास के द्वारा है।

91 परमेश्वर के सारे हथियार विश्वास के द्वारा है। हमारे पास संसार की कोई भी स्वाभाविक वस्तु नहीं है। एक—एक मसीही कलीसिया की प्रत्येक बात विश्वास कार्य है। परमेश्वर के सारे हथियारो को देखिए: प्रेम, आनंद, शांति, धीरज, भक्ति, कृपा, नम्रता, संयम है। क्या यह ठीक है? हर चीज अलौकिक है, कुछ भी स्वाभाविक नहीं। इसलिए हम स्वाभाविक वस्तुओं को नहीं देखते, क्योंकि हम आलौकिक में कार्यवाही कर रहे है। और केवल एक विधि है जिस पर हम निर्भर कर सकते है, वह विश्वास है, किस पर जो परमेश्वर ने कहा वह सत्य था, और हम अनदेखे को देखते है। और हम उन चीजों का नाम लेते हैं जो कि है नहीं, जैसे कि वे थी; जैसा अब्राहम ने किया, और उसे पाया। आमीन! अब्राहम ने उन चीजों के विषय में बातें की जो नहीं थी, जैसा परमेश्वर ने किया जैसे कि मानों वे थी। सौ वर्ष का होने पर भी, परमेश्वर की प्रतिज्ञा पर अविश्वास के द्वारा ना डगमगया।

92 मैं इसकी कल्पना कर सकता हूं, क्या आप नहीं कर सकते? देखिए एक प्रातः सारह उठी। परमेश्वर ने कहा, “अब्राहम!” कहा, “अब्राहम, तुम्हारे पास एक बालक होने वाला है।”

93 साराह उठी। कहा, “तुम्हें कैसा लग रहा है, साराह?” यह मिली–जुली भीड़ है, परंतु सुनिये।

“कोई अंतर नहीं लग रहा है।”

94 “अच्छा, परमेश्वर की महिमा हो, हम इसे पाने वाले हैं! जाओ जाकर झुन–झुना, और पिने और सब चीजें। तैयार करो।”

ठीक है, दूसरा माह निकल गया। “साराह तुम्हें कैसा अनुभव हो रहा है?”

“कोई अंतर नहीं।”

एक वर्ष बीत गया। “साराह, इसके विषय में क्या है?”

“कोई अंतर नहीं।”

दस वर्ष बीत गये। “कोई अंतर नहीं।”

बीस वर्ष बीत गए। “कोई अंतर नहीं।”

95 अब्राहम, विपरीत इसके कि निर्बल हो, वह शक्तिशाली हो गया और स्थिर हो गया जैसे–जैसे समय बीता। वह यह जान गया कि यह चमत्कार से कुछ अधिक होने जा रहा है, ’ क्योंकि उसने परमेश्वर का विश्वास किया, और अविश्वास में होते हुए वह परमेश्वर की प्रतिज्ञा से डिगा नहीं। उसने कहा, “हमें मिलने वाला है!” और एक प्रातः साराह का गर्भ बढ़ने लगा, और छोटा इसहाक उत्पन्न हुआ, क्योंकि अब्राहम ने परमेश्वर का विश्वास किया। और उसने उन चीजों को देखा और उन चीजों को मान लिया जो नहीं थी जैसे कि मानो वे थी।

96 भावनाओं के द्वारा नहीं, ना ही देखने के द्वारा। आप भावनाओं के द्वारा नहीं चलते या देखते है। यह विश्वास के द्वारा। जब परमेश्वर ने किसी चीज की घोषणा कर दी, कहा, “जो कुछ भी तुम मागो, जब तुम प्रार्थना करते हो, तो विश्वास कर लो कि तुम्हें मिल गया,” तब उसे पकड़े रहो। परमेश्वर ने ऐसा कहा है, यह ऐसा ही होना है! आमीन। प्रेतो!

पिता में विश्वास, पुत्र में, विश्वास,
पवित्र आत्मा में विश्वास, तीन एक में है;
शैतान काप उठेंगे और पापी जाग उठेगे;
यहोवा में विश्वास कुछ भी हिलाएगा।

यह ठीक बात है। ओह, प्रभु! निश्चय ही यह है। परमेश्वर में विश्वास करो। उसे देखो। तुम डिगो नहीं। वहीं स्थिर रहो। परमेश्वर ने ऐसा कहा है!

97 और, प्रेत, वे क्या है? वे आत्मिक जीव है। अब, वो—वो डॉक्टर कहता है, “तुम्हें कैंसर हो गया। तुम्हें टीबी है। तुम्हारे मोतिया बिंद है। तुम्हारे फेफड़ों में पानी है। तुम्हें *यह* है।” यह एक शैतान है। यह एक जीवन है, और इसके पीछे एक आत्मा है। कितने यह जानते है और वह कैंसर मोतिया बिंद देख सकते है, इसमें है—इसमें है... यह आत्मा है, इसमें—इसमें अंदर जीवन है। देखिए, बिना आत्मा के किसी में जीवन नहीं हो सकता, आप समझे, इसलिए उसे कार्यवन्त करने के लिए, कहीं ना कहीं जीवन होना ही चाहिए।

98 यहां तक कि वह वृक्ष उसमें भी जीवन है। संसार में सारा विज्ञान घास का एक तिनका नहीं बना सकता। क्या आप यह जानते है? वह कुछ ऐसा बना सकते हैं जो इसके समान दिखे, परंतु वे जीवन का सूत्र नहीं पा सकते। जो कि परमेश्वर है। समझे? यीशु ने पेड़ से कहा, “तू श्रापित है। तुझ में कोई फल नहीं है, और तुझ में कोई फल ना लगेगा।” वे वहां से फिर निकले। उस दिन प्रातः के लगभग आठ बज रहे थे। लगभग ग्यारह बजे वापस निकले, जैसे कि वे दोपहर का खाना खाने जा रहे थे। तब पतरस ने कहा, “उस पेड़ को देखो, वह जड़ से सूख गया।” क्यों? यीशु ने उस जीवन को जो उस वृक्ष में था डांटा, और वह उसकी जड़ों में था, और वह सारा का सारा मृत्यु हो गया। हाल्लेलुय्या!

99 वही यीशु कैंसर को जड़ों से डांट सकता है, और सारी चीज मृत हो जाएगी। वही वृक्ष वहां पर उसी प्रकार खड़ा था, जैसे एक घंटे पहले खड़ा था, परंतु आप पाते हैं कि पत्तियां गिरना आरंभ हो गई थी, और तब देखिए छाल उतरने लगी। और... दिन प्रतिदिन मुरझाने लगा, और एक सप्ताह से दूसरे सप्ताह, और कुछ समय पश्चात वहां पर पेड़ का नामो निशान भी ना रहा। हलेलुय्या! कैंसर, ट्यूमर याने फोड़ा, मोतिया बिंद या कोई भी चीज हो, जब यीशु बोलता है तो उसे जाना ही पड़ता है। वह प्रेत आत्माओं

को निकालता है।और उसने कहा, "मेरे नाम से वे प्रेत आत्माये निकालेंगे, नई–नई भाषाएं बोलेंगे, सांपो को साथ में उठा लेंगे या नाशक वस्तु पी ले, तो वह उन्हें हानि ना पहुंचाएगी। यदि वे अपने हाथों को बीमारों पर रखते हैं तो वे चंगे हो जाएंगे।"

100 आप उस से प्रेम करते हैं? मुझे खेद है मैंने आपको यहां पर बैठाए रखा। आप प्रभु से प्रेम करते है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा] अब क्या घटित होने जा रहा है? यदि आप मसीह को अपना चंगा करने वाला ग्रहण करते है, और अपने ह्रदय में विश्वास करते है कि आपको कुछ हुआ, और आप विश्वास करते हैं कि आप चंगे हो गए हैं, क्या आप यह विश्वास करने वाले हैं कि आप चंगे हो गए? शैतान को अपने ऊपर कुछ भी ना लादने दे। केवल बढ़ते रहे।

"डॉक्टर," कहता है—कहता है, "डॉक्टर, यह कैसा दिखाता है?"

उसने कहा, "क्यों, यह तो अभी तक वही है।"

101 अपने ह्रदय में आप जानते हैं, आप जानते हैं कि क्या हुआ है। हुंह! पहली बात आप जानते है, कहते है, "कहते है, आश्चर्य कि इस चीज को क्या हुआ?"

102 तब कहते है, "देखिए, डॉक्टर, मैं आपको बताने जा रहा हूं। कि यहां क्या घटित हुआ, यीशु मसीह ने मुझे चंगा किया है। यह ठीक बात है। यीशु मसीह ने मुझे चंगा किया है।"

103 ठीक है, आइए एक क्षण के लिए हम अपने सिरों को झुकाए। भाई विलेट्स, भाई क्या आप यहां एक मिनट के लिए आएंगे?

104 अब, हमारे स्वर्गीय पिता हम मसीह के लहू के लिए धन्यवादित है। और हो सकता है, प्रभु, आपका दास कभी–कभी इतनी देर तक बोलने में बुद्धि का प्रयोग नहीं करता। परंतु मैं पौलूस के समान अनुभव करता हूं, जिसने एक बार सारी रात प्रचार किया। एक बेचारा व्यक्ति खिड़की पर से गिर पड़ा और मर गया। और चेला, अपने जीवन में परमेश्वर का वचन लिए हुए नीचे गया, और अपने शरीर को लड़के के ऊपर रखा, और जीवन अंदर आ गया और फिर जीवित रहा।

105 प्रिय परमेश्वर, मैं यह अनुभव करता हूं कि इस महान सभ्यता का सूर्य, अब अस्त हो रहा है, काफी समय बीत गया है, आधा दिन बीत चुका

है, सांझ की परछाईयां पड़ रही है। परमेश्वर के राज्य से महान उजियाला आ रहा है, कि इस पृथ्वी पर के उस घने अंधकार में अपना स्थान ले। परमेश्वर, मैं अनुभव करता हूं कि मैं हर दिन बूढा होता जा रहा हूं। प्रभु मुझे जाने दे। मुझे शक्ति दे। मेरी सहायता करें कि इस महान सत्य को हर स्थान में बता सकूं। कल आने वाली दोपहर बाद, हमारी सहायता करें, ताकि हम और अधिक समझ सके।

106 और, प्रिय परमेश्वर, इस दोपहर पश्चात इस छोटी सभा को आशीषित करें। आज रात्रि, जब ये लोग चंगाई सभा के लिए एकत्र हो, तो होने दे कि प्रत्येक पुरुष और प्रत्येक स्त्री जब एक साथ मिलकर बातें करते जाए, और कहते हो, "अब यहां है... अब और कोई संदेह नही—नहीं है। अब हम समझते है कि यह कहां से आता है। हम जानते हैं कि यह एक शैतान है। और हम जानते है, वह कब छोड़ता है, उसे परमेश्वर की आज्ञा पर बाहर आना है। उसे आना ही है। परमेश्वर कर चुका है यह कहा गया है। उसे छोड़ना ही है।" तब, हो सकता है वे खुशी–खुशी आनंद करते हुए, अपनी चंगाई का दावा करते हुए वे बाहर जाए। कोई भी चीज होने दे कि अब कोई भी उनके मार्ग में ना खड़ी हो; केवल विश्वास करते हुए जाए।

107 और, होने दे, परमेश्वर यहां यह छोटी कलीसिया, और ये सहयोगी कलीसियाये इस सभा के पश्चात एक बेदारी पाए, प्रभु, यह इन्हें पूरी प्रकार से भर दे, और बहुत सी सैकड़ों प्राणों को परमेश्वर के राज्य में ले आए। पिता, इसे ग्रहण करें। होने दें कि यहां यह पुरुष और स्त्रियां जो संपूर्ण राष्ट्रो और विभिन्न स्थानों से है, वे इस संदेश को अपनी–अपनी कलिसियाओं में ले जाए, और होने दे कि एक पुराने समय की बेदारी आए। प्रभु, इसे ग्रहण करें। अब हमारे पापों को क्षमा करें। आपके दास होने के लिए हमारी सहायता करें। यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

108 मुझे आश्चर्य है, जब कि आप यहां बैठे हुए हैं, क्या यहां इस भवन में कोई पापी है, जो कहेगा, "भाई ब्रन्हम, मुझे अपनी प्रार्थना में स्मरण रखना"? क्या आप, क्या आप अपना हाथ उठाएंगे? क्या यहां कोई पापी व्यक्ति है? मैं नहीं समझता कि... वहां महिला, परमेश्वर आपको आशीषित करें। क्या वहां कोई? श्रीमान, आपको परमेश्वर आपको आशीषित करें। आप, और आप, और आप, परमेश्वर आपको आशीषित करें। मुझे आश्चर्य है यदि आप... अब, यह आपको।

109 देखिए, मैं सभा में पीछे की ओर जाने में विश्वास नहीं करता। जो ऐसा करते है मैं उसकी उनकी आलोचना नहीं करता। मैं पीछे सभा में, जाने में विश्वास नहीं करता और किसी को खींचकर लाने का यत्न नहीं करता। समझे? “कोई व्यक्ति नहीं आ सकता, सिवाये पिता के जिसने उसे खींचा है।” समझे? यह ठीक बात है। आप उसे वहां उसकी इच्छा के विरुद्ध खींचती है। समझे? परंतु यदि परमेश्वर आपके हृदय के द्वार पर खटखटाता है, तो आप इस संसार के महानतम अधिकारयुक्त व्यक्ति है। आप नहीं जानते कि मैंने संसार में कितने लोगों से बातचीत की है।

प्रेत शास्त्र — भौतिक क्षेत्र HIN53-0608A

(Demonology — Physical Realm)

प्रेत शास्त्र श्रृंखला

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में सोमवार दोपहर, 8 जून, 1953 को, रॉबर्ट्र्स पार्क एम्फीथिएटर, कोनर्सविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org